भारत सरकार
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय
भारी उद्योग विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 3514
जिसका उत्तर मंगलवार, 10 दिसम्बर, 2019 को दिया जाना है

सीपीएसई को बंद करना और उनका विनिवेश

3514. सुश्री नुसरत जहां रूही:

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) आज की तिथि के अनुसार, भारी उद्योग विभाग (डीएचआई) के अधीन केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (सीपीएसई) की संख्या कितनी है;

(ख) विगत पाँच वर्षों के दौरान डीएचआई के अंतर्गत विनिवेश किए गए/विनिवेश के लिए प्रस्तावित और बंद किए गए सीपीएसई की संख्या का वर्ष-वार और सीपीएसई-वार ब्यौरा क्या है; और

(ग) ऐसे सीपीएसई को बंद करने और उनका विनिवेश करने के क्या कारण हैं?

उत्तर
भारी उद्योग और लोक उद्यम राज्य मंत्री
(श्री अर्जुन राम मेघवाल)

(क) और (ख): भारी उद्योग विभाग (डीएचआई) के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के 31 उपक्रम (सीपीएसई) हैं। गत पाँच वर्षों के दौरान विनिवेश एवं बंदीकरण की स्थिति के साथ 31 सीपीएसई की सूची अनुबंध पर है।

(ग): रूग्ण/घाटे में चल रहे केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (सीपीएसई) को बंद करने तथा गैर-रणनीतिक क्षेत्र में सीपीएसई के विनिवेश से बाजार की खराब स्थिति में सुधार होगा और पर्याप्त रूप से दक्षता में वृद्धि होगी, भारतीय उत्पादन वैश्विक रूप से अधिक प्रतिस्पर्धा बनेगा, इस प्रकार निर्यात में बढ़ोतरी, आयात में कमी और रोजगार के लिए महत्वपूर्ण नए संचालकों का सृजन होगा।

अनुबंध

भारी उद्योग विभाग के तहत केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (सीपीएसईज) की सूची

क्रम सं.	सीपीएसईज का नाम	गत पाचँ वर्षो के दौरान विनिवेश/बंदीकरण की स्थिति
1.	एंड्रयू यूल एंड कंपनी लिमिटेड (ऐवाईसीएल)	-
2.	भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल)	-
3.	भारत पंप और कंप्रेशर्स लिमिटेड (बीपीसीएल)	विनिवेश किया जा रहा है
4.	भेल - इलेक्ट्रिकल मशीन्श लिमिटेड (भेल-ईएमएल)	-
5.	ब्रेथवेट, बर्न एंड जेसोप कंस्ट्रक्शन लिमिटेड (बीबीजे)	-
6.	ब्रिज एंड रूफ कंपनी लिमिटेड (बी एंड आर)	विनिवेश किया जा रहा है
7.	सीमेंट कार्पोरेशन ऑफ इंडिया लि. (सीसीआई)	विनिवेश किया जा रहा है
8.	इंजीनियरिंग प्रोजेक्ट्स (इंडिया) लिमिटेड (ईपीआई)	विनिवेश किया जा रहा है
9.	एचएमटी इंटरनेशनल लिमिटेड	
10.	एचएमटी लिमिटेड	केवल ट्रैक्टर डिवीजन को बंद किया जा रहा है
11.	एचएमटी मशीन टूल्स लिमिटेड	-
12.	हेवी इंजीनियरिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचईसी)	-
13.	हिंदुस्तान केबल्स लिमिटेड (एचईसी)	बंद किया जा रहा है
14.	हिंदुस्तान न्यूज़प्रिंट लिमिटेड	विनिवेश किया जा रहा है
15.	हिंदुस्तान पेपर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसी)	-
16.	हिंदुस्तान फोटो फिल्म्स मैन्युफैक्चरिंग कंपनी लिमिटेड (एचपीएफ)	बंद किया जा रहा है
17.	हिंदुस्तान साल्ट्स लिमिटेड (एचएसएल)	-
18.	एचएमटी बियरिंग लिमिटेड	बंद किया जा रहा है
19.	एचएमटी चिनार वाचिज लिमिटेड	बंद किया जा रहा है
20.	एचएमटी वाचिज लिमिटेड	बंद किया जा रहा है
21.	हुगली प्रिंटिंग कंपनी लिमिटेड (हुगली)	-
22.	इंस्ट्रूमेंटेशन लिमिटेड, (आईएलके)	कोटा यूनिट को बंद किया जा रहा है
23.	नेपा लिमिटेड (नेपा)	-
24.	नागालैंड पल्प एंड पेपर कंपनी लिमिटेड (एनपीपीसी)	-
25.	राजस्थान इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इंस्ट्रूमेंट्स लिमिटेड (आरईआईएल)	-
26.	रिचर्डसन एंड क्रूडास लि. (आर एंड सी)	-
27.	सांभर साल्ट्स लिमिटेड (एसएसएल)	-
28.	स्कूटर्स इंडिया लिमिटेड (एसआईएल)	विनिवेश किया जा रहा है
29.	त्रिवेणी स्ट्रकचरल्स लिमिटेड (टीएसएल)	परिसमापन के अधीन
30.	तुंगभद्रा स्टील प्रोडक्ट्स लिमिटेड (टीएसपीएल)	बंद किया जा रहा है
31.	टायर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (टीसीआईएल)	परिसमापन के अधीन

*****